आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 07.05.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- भारतीय सशस्त्र बलों ने आधी रात को ''ऑपरेशन सिंदूर'' शुरू करते हुए पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर कड़ी कार्रवाई की।
- देश के 244 जिलों में आज नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी, देहरादून में शाम चार बजे होगा मॉक अभ्यास।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए अगले 10 वर्षों की स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं।
- **और,** केदारनाथ यात्रा में घोड़ा–खच्चरों के इक्वाइन इंफ्लुएंजा संक्रमण की आशंका के चलते इनके संचालन पर लगी रोक को अगले 24 घंटे के लिए बढ़ाया गया।

**ऑपरे□ान सिंदूर**

भारतीय सशस्त्र बलों ने मध्य रात्रि में पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर स्थित आतंकी ठिकानों पर कड़ा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की है। इन ठिकानों से ही भारत के विरूद्ध आतंकी हमले करने की योजना बनाई गई थी। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा है कि कार्रवाई में नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। मंत्रालय ने यह भी कहा कि यह कार्रवाई नपी–तुली और गैर उग्र प्रवृत्ति की रही। इसमें किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर नुकसान नहीं पहुंचाया गया। मंत्रालय के अनुसार भारत ने लक्ष्यों के चुनाव और कार्रवाई की पद्धति में काफी सयंम रखा।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये कार्रवाई पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हमले की जवाब में की गई है। इस हमले में पच्चीस भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल इस हमले के ज़िम्मेदार आतंकियों पर कार्रवाई करने में अपनी वचनबद्धता का पालन कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी।

ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय कार्रवाई के बीच पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के उच्च पूंछ–राजौरी क्षेत्र के भींबर गली क्षेत्र में तोपखाने से गोलीबारी करके फिर से संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि भारत के सशस्त्र बल संयमित ढंग से इसका कड़ा जवाब दे रहे हैं।

## मॉक अभ्यास

केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने आज होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बैठक की। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय ने देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया है। एक रिपोर्ट....

## मॉक ड्रिल देहरादून

इस बीच, देहरादून में आज शाम 4 बजे संभावित हवाई हमलों के प्रति सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। अभ्यास से पहले जिलाधिकारी सविन बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सेना, अर्धसैनिक बल, सिविल डिफेंस वार्डन, वॉलंटियर्स और संबंधित विभागों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए।

अभ्यास के दौरान जिले के पांच स्थानों– धारा पुलिस चौकी, ब्लाइंड स्कूल राजपुर रोड, लख्खीबाग थाना, कलेक्ट्रेट परिसर, एमडीडीए कॉलोनी निकट आईएसबीटी और आराघर पुलिस चौकी पर सायरन और हूटर बजाकर नागरिकों को सतर्क किया जाएगा। इस दौरान बिजली आपूर्ति बंद रहेगी और यातायात डायवर्ट भी किया जा सकता है।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे मॉक ड्रिल के दौरान अपने घरों में ही रहें और किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने वालों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस चौकी को दें।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के तीन जिलों– हरिद्वार, उधमसिंह नगर और टिहरी के लिये पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ किया। देहरादून से मोबाइल मेडिकल यूनिट के शुभारम्भ अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में ये यूनिट्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसका उद्देश्य राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

## शिक्षा समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए अगले 10 वर्षों की स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं। देहरादून में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में श्री धामी ने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले राज्य के सभी स्कूलों का निरीक्षण किया जाए। स्कूलों के रास्तों, पुलों और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की भी जांच की जाए। उन्होंने प्रत्येक जिले में पहले चरण में एक–एक आवासीय हॉस्टल बनाने और छात्रों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस का

अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही 559 क्लस्टर विद्यालयों के 15 किलोमीटर के दायरे में छात्रों के लिए परिवहन व्यवस्था का प्रस्ताव जल्द बनाने को कहा।

उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए कि बच्चों को हर वर्ष समय पर पाठ्यपुस्तकें मिलें। शिक्षा विभाग में स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से हो, इसके लिए जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर सभी पहलुओं का गहन अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने स्कूलों में एनसीसी और एनएसएस को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध ढंग से स्कूलों का चयन करने, औद्योगिक इकाइयों से सीएसआर फंड के तहत सहयोग लेने और जीर्ण–शीर्ण स्कूल भवनों की मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।

**<u>भाुभारंभ</u>**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट में हाउस ऑफ हिमालयाज़ के स्टोर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस स्टोर के खुलने से राज्य के स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलने के साथ ही स्थानीय उत्पादों की बिक्री से प्रदेश की आर्थिकी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हाउस आफ हिमालयाज़ के प्रमोशन और अन्य कामों के लिए भारत सरकार, उत्तराखंड में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाएगी। इससे देश–विदेश से प्रदेश में आने वाले सैलानियों को एयरपोर्ट पर उत्तराखंड के स्थानीय उत्पाद मिल सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्टोर राज्य के किसानों, कारीगरों, महिलाओं और छोटे उद्यमियों के परिश्रम व हुनर का प्रतीक होने के साथ ही स्थानीय उत्पाद राज्य की संस्कृति, परंपरा और पहचान का भी हिस्सा हैं।

**<u>घोड़े–खच्चर</u>**

केदारनाथ यात्रा में पंजीकृत घोड़ा–खच्चरों के इक्वाइन इंफ्लुएंजा संक्रमण से संक्रमित होने के चलते घोड़ा–खच्चरों का संचालन पर लगी रोक अगले 24 घंटे के लिए बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान, हिसार से तीन सदस्यीय विशेषज्ञ चिकित्सकों का दल रुद्रप्रयाग में घोड़ा–खच्चरों की सैंपलिंग कर उनके स्वास्थ्य की जांच करने के लिए पहुंचा गया है। मुख्य पशु चिकित्साािधकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि इक्वाइन इन्फ्लुएंजा मुख्यत श्वसन मार्ग से फैलता है और बेहद तेजी से एक पशु से दूसरे पशु को संक्रमित करता है। वर्तमान में इस रोग की कोई वैक्सीन नहीं है लेकिन समय पर इलाज और आराम से पशु जल्दी स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि गौरीकुंड और आसपास के क्षेत्रों में जैसे ही लक्षण सामने आए, संबंधित गांवों को प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया गया। जिले में बाहर से आने वाले प्रत्येक घोड़े–खच्चर की गहन स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने बतया कि अप्रैल माह में 16 हजार से अधिक पशुओं की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है, जिमसें पूरी तरह से स्वस्थ पशुओं को ही जिले में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है।

**<u>टोकन व्यवस्था</u>**

केदारनाथ धाम में दर्शन के लिये इस वर्ष टोकन व्यवस्था लागू की गई है, जिसका उद्देश्य दर्शन के लिए लगने वाली भीड़ की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखना है। टोकन व्यवस्था के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं और इससे भीड़ नियंत्रण में काफी सहायता हो रही है।

जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन बाबा केदारनाथ के दर्शनों के देश दुनिया से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का यात्रा अनुभव सुखद व सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में मंदिर परिसर के प्रवेश से पहले ही हेलीपैड के समीप टोकन सिस्टम लगाया गया है, ताकि दर्शनों से पहले ही यात्री को उसके नंबर की जानकारी मिल जाए। इसके अलावार प्रशासन द्वारा गौरीकुंड से शुरु होने वाले पैदल मार्ग पर जगह जगह रेन शैल्टर बनाए हैं, जिससे यात्रियों को बारिश से राहत मिल रही है।

**<u>सुशासन कैंप</u>**

हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण–एचआरडीए द्वारा हरिद्वार जिले में मानचित्र पारित करने के लिये सुशासन कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। एचआरडीए के उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ने बताया कि पिछले दिनों में हरिद्वार, भगवानपुर में लगाए गए तीन सुशासन कैंपों में 75 वर्ग मीटर तक व्यावसायिक भवन व एकल आवासीय भवनों के मानचित्रो के 302 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 250 भवनों के मानचित्र स्वीकृत किए गए, जिससे लगभग 2 करोड़ 58 लाख रुपये की आय प्राधिकरण को प्राप्त हुई। अभी प्राधिकरण द्वारा 21 मई तक 14 और कैंप लगाए जाने हैं। इन कैंपों से आठ करोड़ रुपये की आय मिलने की उम्मीद है।